तापमान

अधिकतम 27 डिग्री

न्यूनतम 14 डिग्री

हरिभूमि

# धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 23 नवंबर 2024

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 योग प्राणायाम के साथ स्वच्छता व जल संरक्षण का दे रहे संदेश





14 सदर बाजार को जाम से मुक्ति दिलाने नागरिकों ने उठाई आवाज




## खबर संक्षेप

### सतनामी समाज की बैठक आज

**अंवरी।** सतनाम भवन कुरुद में 23 नवंबर शनिवार को दोपहर 1 बजे जिला सतनामी समाज की बैठक रखी गई है। जिला अध्यक्ष कपिल देशलहरे ने बताया कि बैठक में अधोसंरचना एवं फनीचर्स के साथ कार्यकारिणी विस्तार पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

### सड़क हादसे में दो की मौत

**धमतरी।** अलग -अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई है। पहली घटना केरेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत बनरौद मोड़ के पास की है, जबकि दूसरी घटना पुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिटौद की है। मिली जानकारी के अनुसार सोमन वट्टी पिता जयलाल वट्टी 28 वर्ष और होमेश सोम पिता जागेश्वर सोम 29 वर्ष गुरुवार की शाम अपनी बाइक से कुकरेल से अपने घर भोथापारा जा रहे थे। बनरौद के पास पुल को पार करते ही उनकी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हाईवे पेट्रोलिंग ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल लाया जहां डॉक्टर ने सोमन वट्टी को मृत घोषित कर दिया। वही होमेश सोम गंभीर रूप से घायल है। दूसरी घटना पुरूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चिटौद की है। मोहन जोगी 45 वर्ष शुक्रवार की सुबह 5:30 बजे मार्निंग वॉक कर रहा था तभी एक अज्ञात बाइक ने उसे ठोकर मार दी। इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### प्रस्तावित स्थल पर आंगनबाड़ी निर्माण पर आपत्ति

- शाला प्रबंधन समिति, वार्डवासियों ने आयुक्त से निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की

**धमतरी।** नयापारा वार्ड स्थित नेहरू स्कूल परिसर में आंगनबाड़ी भवन निर्माण पर शाला प्रबंधन समिति एवं वार्डवासियों ने आपत्ति की है। शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष राहीबाई ध्रुव, आंबा कार्यकर्ता गायत्री टेमरे, कुमारी साहू, पूर्व नपा उपाध्यक्ष चित्ररेखा निर्मलकर, पायल जसवानी, श्यामलाल, शोभा यादव, सपना डोडवानी, दशोदा साहू, शकुंतला साहू ने नगर निगम आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि नयापारा वार्ड स्थित नेहरू स्कूल शाला क्रमांक 5 में पूर्व निर्मित आंगनबाड़ी भवन को तोड़कर उसके स्थान पर आंगनबाड़ी बनाने कार्य प्रस्तावित है। यह स्थान बबूल पेड़ के समीप होने के कारण 6-7 साल पहले आंगनबाड़ी भवन को जर्जर घोषित कर तोड़ दिया गया है। फिर उसी स्थान पर आंगनबाड़ी निर्माण कराया जा रहा है जो अनुचित है। शाला प्रबंधन समिति तथा वार्डवासियों को उक्त स्थान पर आंगनबाड़ी निर्माण पर आपत्ति है। जनहित में आंगनबाड़ी निर्माण पर रोक लगाने की मांग की है।

### जिले की 74 समितियों में से 69 में प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त, बाकी के लिए भी अधिकारी की लिस्ट तैयार

# सात साल से चुनाव नहीं, जिसकी सत्ता उसी के लोग बन रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सहकारी सोसाइटियों में राजनीति का खेल शुरू हो गया है। यहां पर पिछले 7 साल से अध्यक्ष का चुनाव नहीं हुआ है। अब संचालन के लिए प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सत्ता पक्ष के समर्थकों को बिठाया जा रहा है। कई समितियों में दो से तीन नाम आए हैं। वहां पर विवाद की स्थिति है।

सहकारी साख समिति के संचालन के लिए अध्यक्ष का चुनाव होता है। वर्ष 2017 से यह चुनाव नहीं हुआ है। अब अध्यक्ष के बदले यहां पर प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की जा रही है। पहले शुरूआती दौर में प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सरकारी अधिकारी या कर्मचारियों की नियुक्ति की जा रही थी, लेकिन अब अशासकीय लोगों की नियुक्ति की जा रही है। जब कांग्रेस की सरकार थी तो समितियों में कांग्रेस समर्थित लोगों को अध्यक्ष का कार्यभार दिया गया था। अब भाजपा समर्थित लोगों को यह पद दिया जा रहा है। कहने को यह नियुक्ति सोसाइटी द्वारा किसानों के हित में की जा रही है लेकिन हकीकत यह है कि चुनाव ब्रेक होने के बाद से यह नियुक्ति पूरी तरह से राजनीतिक है। जिसकी सत्ता है उसी के नुमाइंदे इस पद पर बैठ रहे हैं।

#### कई जगह खींचतान की स्थिति

जिले में कुल 74 सहकारी समितियां हैं। इसमें से 69 समितियों में प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति की जा चुकी है। 5 समितियां बाकी हैं जहां पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। इन समितियों में भाजपा से दो तीन किसानों का नाम आ गया है, जिसके चलते खींचतान की स्थिति बनी हुई है। सामंजस्य बनाकर एक दो दिन के भीतर बाकी समितियों में भी प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति कर दी जाएगी।



#### निभाएंगे अहम भूमिका

प्राधिकृत अधिकारी की नियुक्ति के लिए आवश्यक है कि संबंधित व्यक्ति उस समिति का सदस्य हो। वह समिति से ऋण लेता हो और समय पर चुकाता हो। कहीं पर डिफाल्टर, दिवालिया न हो। प्राधिकृत अधिकारी बनने के लिए संबंधित व्यक्ति को समिति में आवेदन करना होगा। जांच के बाद सब सही पाए जाने पर उसे नियुक्त किया जाएगा। प्राधिकृत अधिकारी की समिति के संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका है। आर्थिक और प्रशासनिक सभी पहलुओं में उनकी भूमिका रहेगी। धान खरीदी, उठाव, निगरानी सहित अन्य कार्यों में योगदान देंगे।

#### जब तक चुनाव नहीं होता, नियुक्ति रहेगी

नियम के अनुसार सहकारी साख समितियों में शासकीय या अशासकीय दोनों ही प्रकार के व्यक्तियों को प्राधिकृत अधिकारी बनाया जा सकता है। जब तक चुनाव नहीं हो जाता है, उनकी नियुक्ति रहेगी। किसी प्रकार की शिकायत मिलने पर कार्रवाई भी की जा सकती है।

- प्रदीप ठाकुर,
*पंजीयक सहकारी संस्थाएं*

# प्लेसमेंट कर्मचारियों ने निकाली रैली

### नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे, शासन के नाम सौंपा मांग पत्र




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले के नगरीय निकायों के 398 प्लेसमेंट कर्मचारी हड़ताल के चौथे दिन शहर में रैली निकाली। कलेक्टोरेट पहुंचकर शासन के नाम मांग पत्र सौंपा। पैदल मार्च करते हुए गांधी मैदान से निकले कर्मचारी सदरबाजार, गणेशचौक, रामबाग, विंध्यवासिनी मंदिर, लक्ष्मी निवास, जनपद आफिस होते हुए दोपहर 2 बजे कलेक्टोरेट पहुंचे। इस दौरान मांगों के संबंध में जमकर नारेबाजी की। प्लेसमेंट कर्मचारियों की संख्या को देखते हुए पुलिस ने जवानों की ड्यूटी लगाई थी। रैली शांतिपूर्ण ढंग से निबटाकर सभी कर्मचारी फिर से गांधी मैदान में आकर आंदोलन में बैठ गए। कर्मचारियों की हड़ताल से चौथे दिन भी शहर की नियमित सेवाएं बाधित रही। लोगों को बिजली, पानी, सफाई आदि सेवाओं के लिए तरसना पड़ा।



संघ के अविनाश मारोठे, राजू साहू, रघुवीर ठाकुर, चंद्रप्रकाश साहू, गिरधारीलाल, टिकेश्वर साहू, फिरोज खान, वेदप्रकाश, नरेश सोना, गोविंद पात्रे, संजू, रामसिंग ने बताया कि विभिन्न मांगों को लेकर जिले के नगरीय निकायों में कार्यरत सभी प्लेसमेंट कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। शासन उनकी मांगों को अनसुना कर रहा है। इस बार आर पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। मांगें पूरी होते तक हड़ताल जारी रहेगी।

# अहिल्याबाई होल्कर ने सामाजिक क्षेत्र में कई अनुकरणीय कार्य किए : टोपलाल

- पीजी तथा कन्या महाविद्यालय में 300वीं जन्म शताब्दी पर हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी






शुक्रवार को लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जन्म दिवस के उपलक्ष्य में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। दोपहर 12 बजे बाबू छोटेलाल श्रीवास्तव स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं 3 बजे शासकीय कन्या महाविद्यालय जनपद पंचायत कार्यालय के पीछे धमतरी में व्याख्यानमाला कार्यक्रम हुआ।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के संघचालक टोपलाल वर्मा ने कहा कि जिस राज्य की प्रजा का भला हो, कोई दुखी न हो, सबकी आवश्यकता की पूर्ति हो उसे सुशासन कहते हैं। धर्मपरायण, सामाजिक क्षेत्र का कार्य, शिक्षा, अनुसंधान के लिए किए किए गए अहिल्यादेवी का कार्य हम सबके लिए अनुकरणीय है। अहिल्यादेवी सामान्य परिवार की बेटी थी। उन्होंने महिलाओं की सैन्य टुकड़ी बनाई, सतीप्रथा को बंद करने, पुनवर्विवाह शुरु करने जैसे महान कार्य किए। अहिल्यादेवी ने अपने राज्य में पंचायत व्यवस्था सुदृढ़ रूप से लागू की थी। उनकी पंचायत में न्याय होता था। पंचायत में जो निर्णय होता था उसकी एक कापी अहिल्यादेवी के पास पहुंचती थी। अगर कहीं गलत निर्णय होता था उसका फैसला स्वयं अहिल्यादेवी लेती थी।

व्याख्यानमाला में प्राचार्य वीके पाठक, लक्ष्मणराव मगर, घनश्याम साहू, गौरव मगर, विजय ठाकुर, राजकुमार महंत, महेश शर्मा, रौनित सहारे, मुकुंद यादव, डेनिस चंद्राकर, कालेज के प्रोफेसर सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में मौजूद थे।

# मेनोनाइट मिशन के 125वें स्थापना दिवस पर चर्च में कई कार्यक्रम

- मिशन के माध्यम से स्कूल, चर्च और अस्पताल हो रहे संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धमतरी में मेनोनाइट मिशन की स्थापना 22 नवम्बर 1899 को हुई थी। मिशन के 125 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मेनोनाइट सुंदरगंज चर्च बस्तर रोड में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को चर्च में प्रथम सत्र में स्कूल से संबंधित स्मृतियों को साझा किया गया, जिसमें नये, पुराने शिक्षकों एवं छात्रों ने उल्लेखनीय कार्यों का विवरण दिया। शिक्षा के क्षेत्र में मिशन के योगदान को बताया। द्वितीय सत्र में चिकित्सा से संबंधित उल्लेखनीय योगदान को साझा किया। चिकित्सा के क्षेत्र में मिशन के माध्यम से किए गए सेवा कार्यों को नई पीढ़ी को बताया गया। तृतीय सत्र में चर्च के योगदान को साझा किया।




मेनोनाइट चर्च इन इंडिया धमतरी की कार्यकारिणी समिति के अध्यक्ष बिशप एन आशावान, उपाध्यक्ष रेव्ह. अब्राहम जोसेफ, सचिव सेवक विकल, प्रवीण राव, कोषाध्यक्ष अनिल राघवा, सदस्य रेव्ह. अरूण रावत, शैलेन्द्र दिनेश ग्वाल, प्रणव सिंग, योगेश लाल, संजय सिंग, नवनीत जान ने बताया कि मिशन के 125वें स्थापना दिवस पर शुक्रवार को चर्च में आयोजित कार्यक्रम संस्था की उपलब्धियों से प्रारंभ हुआ। प्रारंभ के बाद अब तक सफलता तथा आगे कैसे सफल होंगे, इस विषय पर शिक्षाविद्, चिकित्सक, धर्म विशेषज्ञ ने चर्चा में भाग लिया।



उन्होंने बताया कि मेनोनाइट मिशन की स्थापना 22 नवम्बर 1899 को हुई थी, जिसके बाद शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए गए। लगभग 40 दशक तक 1923 तक अंचल के दर्जनों जगहों पर स्कूल खोला गया। लोगों को शिक्षित करने प्रेरित किया गया। संस्था के माध्यम से चर्च, अस्पताल खोले गए। मेनोनाइट मिशन अंतर्गत दुर्ग, बालोद, धमतरी, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, राजनांदगांव सहित 23 स्थानों पर पंजीकृत चर्च है जिसका मुख्यालय धमतरी है। इसके अलावा धमतरी, सांकरा, शांतिपुर में अस्पताल संचालित किया जा रहा है। शांतिपुर में कुष्ठ मरीजों की सेवा की जाती है।



### महासमुंद, कांकेर लोकसभा के सांसद ने जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिए निर्देश

# छात्रों के दोपहिया वाहन में शाला आने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी की अध्यक्षता और लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद भोजराज नाग की उपस्थिति में जिला पंचायत सभाकक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा ने सड़क सुरक्षा और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जिले में किए जा रहे जागरूकता संबंधी गतिविधियों की जानकारी दी। सांसद द्वय ने सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए जनजागरूकता लाने एवं कार्ययोजना बनाकर कार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। स्कूली बसों में जाली अवश्य लगाने तथा जहां स्कूल में पार्किंग व्यवस्था पर्याप्त नहीं हैं, वहां व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा। बच्चों के स्कूल पहुंचने और छुट्टी के बाद स्कूल से निकलने के समय यातायात व्यवस्था दुरूस्त करने के निर्देश दिए।




बैठक में विधायक सिहावा अंबिका मरकाम, विधायक प्रतिनिधि कुरूद गौकरण साहू, पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू, जिपं अध्यक्ष कांति सोनवानी, जपं अध्यक्ष नगरी दिनेश्वरी नेताम, नपं मगरलोड की अध्यक्ष नीतू साहू, नपं अध्यक्ष नगरी आराधना शुक्ला, कलेक्टर नम्रता गांधी, वनमण्डलाधिकारी श्रीकृष्ण जाधव, सीईओ जिपं रोमा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में जिले के राष्ट्रीय, राजकीय एवं अन्य मुख्य मार्गों में आवारा घूमने व बैठे रहने वाले मवेशियों को दुर्घटनओं से बचाने एवं हो रहे दुर्घटनाओं को रोकने के लिए गौशाला में रखने के निर्देश दिए गए। शहर के भीड़-भाड़ वाले स्थानों का चिन्हांकन कर नो पार्किंग बोर्ड लगाने, गोल बाजार के दोनों ओर रेलिंग लगाने, शहर के मार्गों में बैठने व घूमने वाले आवारा मवेशियों पर कार्रवाई करने के निर्देश नगरपालिक निगम धमतरी को दिये गये। शिक्षा विभाग को सख्त निर्देशित किया कि शासकीय एवं निजी विद्यालयों में नाबालिग छात्र, छात्राओं द्वारा दोपहिया वाहन में शाला आने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। बैठक में ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों पर कार्रवाई करने, स्कूली बच्चों को लाने और ले जाने वाले वाहनों की नियमित जांच करने, ओवर लोड वाहन, प्रदूषण जांच, कंडम वाहन, प्रेशर हार्न, ओवर स्पीड, बिना हेलमेट सीट बेल्ट, वाहन चालन के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग, नशा कर वाहन चालन करने वाले, मुख्य मार्ग में अनाधिकृत खड़े वाहन की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश पुलिस विभाग को दिए।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 29 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) और समीक्षा समिति की बैठक 29 नवम्बर को होगी। कलेक्टर नम्रता गांधी की अध्यक्षता में जिलास्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक शाम चार बजे और जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक शाम 4.30 बजे से कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी। इस दौरान पीएम जनमन योजना के तहत पीवीटीजी बसाहटों के हितग्राहियों के जनधन खाते, जीवन ज्योति बीमा, सुरक्षा बीमा एवं अटल पेंशन योजनाओं के प्रगति, किसान क्रेडिट कार्ड, आधार सीडिंग, एनआरएलएम, एनयूएलएम की समीक्षा की जाएगी।


**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस पर व्याख्यानमाला

धमतरी। पीजी महाविद्यालय प्रांगण में 26 नवम्बर को प्रातः 11 बजे प्राचार्य व्दारा संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कराया जाएगा। संविधान दिवस के अवसर पर दोपहर 12 बजे विधि संकाय में व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया है।

### प्रायोगिक पंजीयन 25 तक

धमतरी। महाविद्यालय में पंजीकृत स्वाध्यायी (प्राइवेट) परीक्षार्थियों जिन्होंने प्रायोगिक विषय का चयन किया है, वे महाविद्यालय में उपस्थित होकर अपना प्रायोगिक पंजीयन 25 नवम्बर तक करा लें। पंजीयन नहीं कराने की स्थिति में प्रायोगिक परीक्षा से वंचित होने की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

### नाग मंदिर में शिव महापुराण 2 दिसंबर से

धमतरी। श्री नागदेव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ के लिए प्रचार- प्रसार अभियान शुरु हो गया है। समिति के पदाधिकारी शांतिलाल देवांगन, अशोक पटेल ने बताया कि नाग मंदिर निर्माण कार्य को पूर्ण करने के संकल्प को लेकर मंदिर समिति द्वारा 2 से 8 दिसंबर तक श्री शिव महापुराण एवं रूद्र महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

### निधन

**विनोद शुक्ला**



कुरूद। कारगिल चौक कुरूद निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक विनोद कुमार शुक्ला 70 वर्ष का निधन 22 नवंबर को हो गया है। वे विरेंद्र शुक्ला, राकेश, अविनाश, आदित्य शुक्ला के बड़े भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगरवासियों ने उपस्थित होकर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

---

सुबह साढ़े नौ बजे खुलता है और चंद मिनटों में हो जाती है खरीदी की लिमिट पूरी

# ऑनलाइन टोकन : स्लो या ठप सर्वर बढ़ा रहा किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज >> कुरूद



समर्थन मूल्य पर धान बिक्री के लिए किसानों को समितियों के चक्कर से बचाने शासन द्वारा टोकन तुंहर हाथ मोबाइल ऐप की सुविधा दी गई है। लेकिन स्लो या ठप सर्वर की वजह से धान बेचने के लिए तैयार हजारों किसान आज भी अपना टोकन नहीं कटा पा रहे है। ये किसान बाकी अन्य कामों को छोड़कर प्रतिदिन रोज सुबह इसी में मशक्कत कर रहे हैं।

जुगदेही धान उपार्जन केंद्र अंतर्गत आने वाले किसान कामता प्रसाद, लोकनाथ साहू, लिखन साहू, ईश्वर लाल, जीवराखन, हिरामन, यादोराम, राजेन्द्र साहू ने बताया कि टोकन तुंहर हाथ एप सुबह 9.30 बजे खुलता है। टोकन के लिए आवेदन करते है तो एप बफरिंग होकर एरर बताता है। कई किसान जो एंड्राइड मोबाइल चलाते हैं, उन्होंने बताया कि पहले तो ऐप खुलता ही नहीं और अगर कनेक्ट होता भी है तो दो मिनट के अंदर ही खरीदी की सीमा खत्म बताता है। खरीदी की लिमिट के कारण इस ऐप से टोकन किसानों के हाथों तक नहीं पहुंच रहा है।

### टोकन के लिए मच रही है होड़

बताया जा रहा है कि शत-प्रतिशत टोकन मोबाइल ऐप से जारी किए जा रहे हैं। इसके अलावा देरी से धान की खरीदी शुरू करने के कारण टोकन के लिए होड़ मच रही है। इससे खरीदी केंद्रों की लिमिट जल्दी खत्म हो जा रही है और बचे हुए किसानों को टोकन नहीं मिल पा रहा है। लिहाजा किसानों को धान की कटाई- मिंजाई छोड़कर समितियों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सुबह 9 बजे से ही किसान अपना काम छोड़कर टोकन काटने के काम में लग जाते हैं। ऑनलाइन टोकन सुविधा सर्वर डाउन होने से किसानों के लिए मुसीबत बन गया है।




### कुछ टोकन सहकारी समितियों से भी हो जारी

बताया जाता है कि अधिकांश किसानों के पास सामान्य कीपैड मोबाइल उपलब्ध है। अधिकतर ग्रामीण इलाकों के रहने वाले किसान के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं होने से और पढ़े-लिखे नहीं होने की वजह से टोकन कटवाने के लिए च्वाइस सेंटरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सुबह 9 बजे से ही ग्रामीण इलाकों के कंप्यूटर केंद्र में किसानों की भीड़ देखी जा सकती है जिससे उन्हें समय और पैसों का नुकसान हो रहा है। किसानों ने सरकार से आग्रह किया है कि पूर्व की भांति कुछ टोकन सहकारी समितियों से भी जारी किया जाए, जिससे उन्हें चक्कर लगाने से छुटकारा मिल सके।

---

# एनएसएस छात्रों ने सीखा फायर सेफ्टी चलाना



हरिभूमि न्यूज >> सिर्री

शासकीय माध्यमिक विद्यालय भाठागांव के एनएसएस विद्यार्थियों को फायर सेफ्टी की जानकारी दी गई। संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता ओमप्रकाश कुर्रे ने स्वयंसेवकों को फायर सेफ्टी चलाना और सावधानियों के बारे में बताया। कार्यक्रम में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी हरीश देवांगन, सहायक अधिकारी मेनका निषाद समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### पीजी कालेज में आभासी न्यायालय 30 को

धमतरी। पीजी कालेज के नवीन भवन के सेमीनार हॉल में 30 नवम्बर को प्रातः 10: 30 बजे विधि भाग-तीन के विद्यार्थियों व्दारा मूटकोर्ट (आभासी न्यायालय) का आयोजन किया गया है। आपराधिक विधि अंतर्गत भारतीय न्याय संहिता की धारा-103 एवं सिविल मामले अंतर्गत हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 13(1) का प्रस्तुतिकरण किया जाएगा।

---

समिति ने किसानों को साफ सुथरा धान लाने की अपील की, खरीदी के लिए 2 लाख 25 हजार बारदाना की जरुरत

# मोहंदी सोसाइटी को 90 हजार क्विं. धान खरीदी का लक्ष्य मिला

हरिभूमि न्यूज >> मगरलोड



राज्य में 14 नवंबर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। धान खरीदी केंद्रों में किसान प्रतिदिन धान बेचने के लिए आ रहे हैं। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मोहंदी में किसान टोकन के हिसाब से धान बेच रहे हैं।

समिति प्रबंधक जगदीश्वर नाथ साहू, लेखापाल गोपाल साहू, कंप्यूटर ऑपरेटर अशोक साहू ने बताया कि मोहंदी सोसाइटी अंतर्गत राजपुर, सरगी, मोहंदी, जामली, बेलोरा, सोनपैरी, बनियातोरा, धनबुड़ा, केंवराडीह आते है। सोसाइटी में कुल 1831 किसान पंजीकृत हैं। 75 नए किसान शामिल हैं। जिन किसानों का ऑनलाइन टोकन सिस्टम कटा है। उन्हीं किसानों से पारी के हिसाब से धान खरीदी की जा रही है। सोसाइटी को इस वर्ष 90 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य मिला है। इसके लिए 2 लाख 25 हजार बरदाना की आवश्यकता पड़ेगी। वर्तमान में सोसाइटी पर 55900 बरदाना कट्टा उपलब्ध है। नया 30000 व 12500 मिलर बरदाने और 13400 पीडीएस बरदाने है। 1 लाख 69 हजार 100 बरदाने की और जरूरत है। किसानों को धान बिक्री के दिन ऋण पुस्तिका, बैंक पास बुक, ऑनलाइन टोकन पर्ची लेकर आने कहा गया है। सोसाइटी में धान को अच्छे से सुखाकर व सफाई करके लाएं। 17 प्रतिशत नमी धान की ही खरीदी की जाएगी। किसानों को धान बेचने में समिति में पर्याप्त सुविधा है।

---

# गट्टासिल्ली के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

■ श्रृंगी ऋषि, मां महामाई और महानदी के उद्गम की कहानी सुनाई गई

हरिभूमि न्यूज >> नगरी



गुरुकुल इंग्लिश मीडियम स्कूल गट्टासिल्ली के संचालक आकाश नेताम के मार्गदर्शन में 200 से अधिक छात्र-छात्राओं ने शैक्षणिक भ्रमण एवं पिकनिक का आनंद लिया। फरसियां में मां महामाई की पूजा-अर्चना कर विभिन्न खेलकूद का आनंद लिया। क्रिकेट,पिट्टुल, रस्साकस्सी जैसे खेलों का रोमांच रहा। कार्यक्रम के अतिथि नीरज सोन प्राचार्य फरसियां स्कूल के माध्यम से बच्चों को श्रृंगी ऋषि, मां महामाई और महानदी के उद्गम की कहानी सुनाई गई।

इस अवसर पर भृंगु ऋषि आश्रम के पुजारी विष्णुराम नेताम, कन्हाईराम मरकाम, विशेष अतिथि जवाहर मरकाम महामाई मंदिर अध्यक्ष, भूपेंद्र कुंजाम सचिव उपक्षेत्र महामाई फरसियां का सहयोग रहा। इस अवसर पर कमलनारायण सेन, भूमिका मंडावी, सरस्वती महिलांगे, दामिनी ध्रुव, मीनाक्षी नेताम, प्रियांशु तिर्की, रेशमा मरकाम, सुरेश कश्यप, डाकेश नेताम, मधु नेताम, रमशीला यादव, साबिर अहमद खान, दीपक सोनवानी, रूपेश मरकाम, श्रीराम नेताम, महेश्वर साहू मौजूद थे।

---

# छात्र जर्जर भवन में अध्ययन करने मजबूर








हरिभूमि न्यूज >> नगरी

■ मांदागिरी के पालकों ने नये भवन की मांग की

ग्राम पंचायत करही के आश्रित ग्राम मांदागिरी में नये प्राथमिक शाला भवन की मांग शाला प्रबंधन समिति व ग्रामीणों ने की है। प्राथमिक शाला भवन का निर्माण हुए कई वर्ष हो गए है लेकिन शाला भवन का लोकार्पण अभी तक नहीं हुआ है। लोकार्पण के अभाव में एवं देखरेख नहीं होने से भवन जर्जर हो गया है। प्राथमिक शाला भवन को शासकीय स्तर पर स्कूल प्रबंधन को हेड ओव्हर नहीं किया गया और हालात यह है कि बिना देखरेख के भवन की स्थिति जर्जर हो गई है। बारिश के दिनों में झोपड़ी में बच्चों की पढ़ाई हुई।बताया जाता है कि वर्तमान में इस जर्जर भवन में मरम्मत कार्य चल रहा है और छात्र जर्जर भवन में अध्यन करने मजबूर हैं। यहां छात्रों की संख्या 15 है। दो शिक्षक कार्यरत हैं। ग्राम मांदागिरी के ग्रामीणों, शाला प्रबंधन समिति व शिक्षकों ने नये प्राथमिक शाला भवन व शौचालय की मांग शासन-प्रशासन से की है।

---

# 12 समितियों के प्राधिकृत अधिकारी चयनित





हरिभूमि न्यूज >> नगरी

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक शाखा नगरी में 12 समितियों के अशासकीय प्राधिकृत अधिकारियों का चयन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडी सीओ नेमीचंद देव ने किया।

---

# भारत का इतिहास प्राचीन और समृद्धशाली है : ठाकुरराम

■ डाइट नगरी में अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर हुई व्याख्यानमाला

हरिभूमि न्यूज >> नगरी



लोकमाता रानी अहिल्याबाई बाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन डाइट नगरी में हुआ।

इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता आरएसएस के विभाग प्रचारक ठाकुरराम यादव, खण्ड कार्यवाहक गोकुलराम देवांगन, जिलाध्यक्ष महेश शर्मा, खंड अध्यक्ष आरएल देव, उपाध्यक्ष गण अमिता दुबे, सुषमा आडिल, प्राचार्य पीएस राय थे। सरस्वती वंदना डाइट की निधि कोर्राम, छाया देवांगन एवं स्वागत गीत दीपिका कश्यप ने गाया। अतिथि परिचय आयोजन समिति के खंड सचिव अधिवक्ता तुलसीराम साहू ने दिया। प्रस्तावना उपाध्यक्ष सुषमा आडिल ने प्रस्तुत किया। वक्तागण अमिता दुबे, राजेश तिवारी, डॉ गोकुल देवांगन ने अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर प्रकाश डाला।

मुख्य वक्ता राजिम विभाग के प्रचारक ठाकुरराम यादव ने कहा कि हमारा इतिहास बहुत प्राचीन और समृद्धिशाली है। उस समय इतिहासकारों ने चाटुकारिता पूर्ण इतिहास लिखे हमारे गौरव को छिपाया है। पूरे हिंदुस्तान में रानी लक्ष्मी बाई, रानी दुर्गावती, रानी अहिल्याबाई होल्कर जैसी वीरांगनाओं ने अपने साहस का परिचय दिया। सड़क, कुआं, बावली, तालाब का निर्माण कराया। किसानों के हित में लगान माफी के साथ तालाबों और नहरों का निर्माण कराया। गरीबों के लिए भोजन शाला और रोजगार के लिए कपड़ों के उद्योग की शुरुआत की। द्वादश शिवलिंग मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया।

इस अवसर पर व्याख्याता जोहन नेताम, निलेश राजा, अधिवक्ता विजयसिंह ठाकुर, रोवनित सहारे एवं संस्था के छात्र अध्यापक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप जैन ने किया। कार्यक्रम में रविशंकर दुबे, रूपेंद्र साहू, परमेश्वर सोनबेर, रेखराम साहू, दीपांशु दीवान, दायित्व साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

---

विधायक ने ग्राम सेमरा (सि) में किया करोड़ों के विकास कार्यों का लोकार्पण

# गांव को आत्मनिर्भर इकाई बनाएं ग्रामीण : अजय

हरिभूमि न्यूज >> कुरूद



विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम पंचायत सेमरा (सि) में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से हुए विभिन्न विकास कार्यों का बतौर मुख्य अतिथि लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क सहित आधारभूत अधोसंरचना का विकास प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है।

श्री चंद्राकर ने गुरुवार को ग्राम पंचायत सेमरा (सि) व आश्रित ग्राम खपरी में करीब सवा करोड़ रुपये की लागत से बने पानी टंकी, कव्हर्ड शेड, सीसी सड़क, स्कूलों में बने अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। साथ ही उन्होंने जोरातराई हाईस्कूल, सिलौटी महाविद्यालय एवं कोर्रा में खुले नवीन आईटीआई का जिक्र कर कहा कि ये सभी सुविधाएं इसलिए हैं कि ग्राम स्तर पर आवश्यक अधोसंरचना सुनिश्चित बनाकर गांव को आत्मनिर्भर बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षित समाज बेहतर आर्थिकी के लिए आधार का कार्य करता है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अपने गांव और ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर इकाई के रूप में विकसित करें।

इस अवसर पर भाजपा नेताराम आनंद यदु, भीमदेव साहू, चोवाराम गंजीर, भोला राम साहू, सरपंच जोरातराई सविता गंजीर, सेमरा खिलेश्वरी निषाद, कोर्रा चोवाराम साहू, गीतेश्वरी साहू, कामता निषाद, उमेश देवांगन, त्रिकेश निषाद, कामता सिन्हा, रेणु साहू, रामचंद्र राव, नारद साहू, संत दावना, शेखर साहू, मोहन सिन्हा, प्रेमचंद, गिरधर देवांगन, सेवक राम सिन्हा सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पूर्व जनपद सदस्य ने किया भाजपा प्रवेश



कार्यक्रम के दौरान भाजपा की रीति-नीति, विधायक अजय चंद्राकर के विकास कार्यों एवं राज्य की डबल इंजन सरकार की कार्यशैली से प्रभावित होकर पूर्व जनपद सदस्य सेमरा निवासी यशवंत शुक्ला एवं सेवानिवृत्त कॉपरेटिव बैंक के शाखा प्रबंधक रामपुर निवासी भानुराम साहू ने कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा पार्टी में प्रवेश किया जिनका विधायक चंद्राकर ने फूलमाला एवं भाजपाई गमछा पहनाकर स्वागत किया।

---

# मुरा के स्कूलों को मिला प्रोजेक्टर



हरिभूमि न्यूज >> जीजामगांव

संजीव सार्वा संयुक्त सचिव मानव अधिकार परिषद संभाग रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय माध्यमिक शाला मुरा तथा प्राथमिक शाला मुरा को संयुक्त रूप से प्रोजेक्टर प्रदान किया गया है। प्रोजेक्टर प्रदान करते समय एबीओ प्रतिभा ध्रुव, बीआरसीसी कुलेश्वर सिन्हा, समन्वयक दुष्यन्त देवांगन, प्राचार्य ओझाराम साहू, उत्तम ध्रुव, कृष्णकुमार साहू, ईश्वरी बघेल, भावना कुर्रे, दुलारूराम साहू, योगीराज साहू, धनीराम साहू, योगेश साहू उपस्थित थे।

---

### मुर्गी, मछली पालन का दिया जायेगा प्रशिक्षण

धमतरी। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में मुर्गी और मछली पालन का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आवासीय सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण के लिए 18 से 45 साल तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार युवक-युवतियों से 25 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी अनीता टुडू ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, मानस डेली नीड्स के सामने जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

## बारना में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुभारंभ

# योग प्राणायाम के साथ स्वच्छता व जल संरक्षण का दे रहे संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरूद

शाउमावि कातलबोड़ की राष्ट्रीय योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी तुकेश्वर साहू, जया यादव व एमके पटेल के मार्गदर्शन में ग्राम बारना में किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्घाटन कविता योगेश बाबर सभापति जनपद सदस्य ने किया। अध्यक्षता अजय निषाद प्राचार्य ने की। स्वयंसेवकों ने घर-घर जाकर नशापान, फसल चक्र परिवर्तन, स्वच्छता, जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी। शिविर के द्वितीय दिवस सुबह 5:30 बजे प्रभातफेरी निकाली। योगाचार्य द्वारा योग प्राणायाम करवाया गया। बौद्धिक परिचर्चा के सत्र में टीकाराम साहू प्रधानाचार्य सशिमं ने नशा नाश की जड़ विषय पर बच्चों को सारगर्भित जानकारी प्रदान की। घनश्याम साहेब मानव सेवा संस्थान




मंदरौद ने जीवन में नैतिक शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को अपने नैतिक कर्तव्यों का बोध कराया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्रीमती ललिता ध्रुव सरपंच, रूपचंद साहू ग्राम विकास समिति अध्यक्ष, अशोक साहू, उपाध्यक्ष ग्राम विकास समिति माखन साहू, पूर्व सरपंच दौलत साहू, सरपंच लक्ष्मी बघेल, पूर्व सरपंच गौरीशंकर पटेल, कुंजलाल साहू, विकास साहू, गोधन साहू थे।

### आज रक्तदान शिविर एवं कवि सम्मेलन

आज 23 नवम्बर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम अधिकारी टीके साहू व रूपचंद साहू अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बारना ने रक्तदान हेतु जनमानस को रक्तदान करने का आह्वान किया। शाम 7 बजे कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा जिसमें कवि मुकेश पटेल गीतकार धमतरी, भरत बुलंदी करहीभदर, भोपालमणि डाभा, प्रह्लाद पटेल धमतरी, आत्माराम व्यंग्यकार मगरलोड शामिल होंगे।

## कांग्रेसियों ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा को किया याद

**कुरूद**। ब्लाक कांग्रेस कमेटी कुरुद ने स्थानीय कांग्रेस भवन में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी को उनके जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर देश के विकास में उनके योगदान को याद किया। कांग्रेसियों ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी अब तक की एक मात्र महिला प्रधानमंत्री रहीं। सारा विश्व उन्हें आयरन लेडी के नाम से जानता है। ब्लाक अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि पाकिस्तान से बंगलादेश को अलग कराने, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, श्वेत क्रांति, महिला सशक्तिकरण सहित विश्व में भारत की दमदार छवि बनाने में वे सफल रही। चार बार प्रधानमंत्री बनने का गौरव प्राप्त किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता प्रहलाद चंद्राकर, सुश्री राजकुमारी दीवान, तारिणी चन्द्राकर, तपन चन्द्राकर, डुमेश साहू सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

## कंडेल महाविद्यालय के उदय ने एथलेटिक्स में जीता गोल्ड



**धमतरी**। कंडेल महाविद्यालय के क्रीड़ा प्रभारी कमलेश कुमार दीवान ने बताया कि बीए द्वितीय वर्ष के छात्र उदय गड़ेवाल ने रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया। प्राचार्य रविश दास ने इसे अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बताया। कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिता छात्रों के मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उदय ने अपनी सफलता का श्रेय कोच हिमांशु चंद्राकर, पापा महेश गड़ेवाल व महाविद्यालय परिवार को दिया है। महाविद्यालयीन स्टॉफ पीतांबर सिंह सिंह, लक्ष्मी नारायण सिंह, लक्ष्मण सेन, संजय पवार, नूतन कुमार दीवान, डॉ. रिचा शुक्ला, मनु नारायण सारथी, डॉ संगीता गोयल, साकेत गंगवार, टिकेंद्र वर्मा, सरिता लहरे, दीक्षा सोम, टुकेश्वर साहू, डोमन यदु ने हर्ष जताया है।









